
बृहस्पतिवार
21 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
किताबें पढ़ते समय ध्यान को भटकने से रोकने के लिए अपनाएं ये टिप्स



पृष्ठ 5
पश्चिम के प्रभाव से नहीं बन रहीं मसाला फैमिली एंटरटेनर फिल्में: वरुण धवन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 165
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

तृष्णा वैतरणी नदी के समान है जिसके कारण मनुष्य को सदैव कष्ट झेलने पडते हैं।
— चाणक्य

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

### एसटीएफ ने विदेशों में साइबर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# फर्जी कॉल सेन्टर पर छापा, एक करोड 26 लाख बरामद



संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ व साइबर थाना ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक फर्जी कॉल सेन्टर के नाम पर विदेशों में लोगों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले वहां से एक करोड 26 लाख रूपये बरामद कर लिये। जिनसे पूछताछ जारी थी।

आज एसटीएफ की टीम ने ईसी रोड पर द्वारिका स्टोर के पास एक कॉम्प्लेक्स में छापेमारी कर इंटरनेशनल साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने मौके पर सवा करोड़ बरामद करने के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा युवाओं को गैंग के लिए काम करते हुए पकड़ा है। सभी युवाओं से पूछताछ जारी है। गैंग के सरगना समेत देश और दुनिया में बैठे एजेंटों की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तराखंड एसटीएफ के प्रभारी एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि देहरादून से कुछ लोग विदेशों में साइबर ठगी कर रहे थे।

इस जानकारी पर एसटीएफ ने इनपुट एकत्र किए। पुख्ता सूचना पर एसटीएफ की टीम द्वारिका स्टोर के पास एक कॉम्प्लेक्स में छापेमारी करने गई। जहां टीम ने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। मौके पर एक करोड़ छब्बीस लाख रुपये बरामद किए गए।

एसटीएफ उत्तराखंड व साइबर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इस मामले में बड़े खुलासे की उम्मीद की जा रही है साथ ही गैंग में बड़े नाम शामिल बताए जा रहे हैं। देर सांय तक सभी से पूछताछ चल रही थी।

# राजधानी सहित सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

विशेष संवाददाता

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा आगामी 3 दिन यानी कि 24 जुलाई तक राज्य में भारी बारिश की संभावना जताते हुए लोगों से सतर्कता बरतने को कहा गया है। खासतौर से नदी-नालों और खालों के किनारे बसे लोग और यात्रा पर आने वाले लोगों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।

मौसम विभाग ने राज्य के 7 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य की राजधानी देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान नदियों और नालों तथा खालो का जलस्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ सकता है वहीं भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाएं भी हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग द्वारा बीते कल भी रेड अलर्ट जारी करते हुए कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई थी। बीते कल से राजधानी देहरादून सहित कई जिलों में लगातार बारिश का क्रम जारी है। तथा पौड़ी में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने की खबरें हैं। उधर रुद्रप्रयाग और चमोली में भी भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन की खबरें हैं।

खराब मौसम के कारण कई जिलों के स्कूलों को आज भी बंद रखा गया है

**●3 दिनों तक सतर्कता बरतें**
**●यात्री रखे सुरक्षा का ध्यान**

शासन द्वारा जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने स्तर पर स्कूल खोलने न खोलने का फैसला लें। हालांकि अभी तक प्रदेश में कहीं से भी बारिश के कारण किसी बड़ी जन धन हानि की खबर नहीं है लेकिन शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बाद आपदा प्रबंधन विभाग व जिला प्रशासन को सतर्क रहने को कहा गया है। क्योंकि आगामी 3 दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है।

## विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य में लगी आग


नई दिल्ली । भारत के एकमात्र विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि उस वक्त पोत कर्नाटक के करवार बेस की ओर जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पोत पर सवार सभी कर्मी सुरक्षित हैं। ऐसी सूचना मिली है कि नौसेना मुख्यालय ने घटना की सूचना रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दे दी है। नौसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि आग लगने की घटना की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है। नौसेना ने बयान में कहा, समुद्र में परीक्षण के लिए तय गश्त के दौरान बुधवार को आईएनएस विक्रमादित्य पर आग लगने की घटना हुई। पोत करवार में था। इसमें कहा गया है, पोत पर मौजूद अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करके चालक दल के सदस्यों ने आग पर काबू पा लिया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना शाम में हुई। इससे पहले अप्रैल 2019 में युद्ध पोत पर आग लगने की घटना में नौसेना के एक युवा अधिकारी की मौत हो गई थी।



## थम नहीं रही कोरोना की रफ्तार, एक दिन में 21566 नए मामले आए, 45 मरीजों की मौत

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोविड-19 के 21,566 नए मामले सामने आए, जो 152 दिनों बाद आए संक्रमण के सबसे अधिक मामले हैं। इसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,48,881 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 45 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,870 हो गयी है। संक्रमितों की कुल संख्या 4,38,25,185 पर पहुंच गयी है।

आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोविड-19 का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 3,227 की वृद्धि हुई है। संक्रमण की दैनिक दर 4.25 फीसदी



जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.51 फीसदी दर्ज की गयी। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,50,434 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.2 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकारण अभियान के तहत अभी तक 200.91 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## सूबे पर मानसून की मार

उत्तराखंड राज्य इन दिनों मानसूनी आपदाओं की मार झेल रहा है। राज्य में अतिवृष्टि के कारण सबसे बड़ा नुकसान सड़कों को हो रहा है। दर्जनों छोटे-बड़े पुल टूट चुके हैं तथा कई नेशनल हाईवे सहित दो सौ से अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिसके कारण राज्य का पर्यटन और आवागमन प्रभावित हुआ है। राज्य में चल रही चारधाम यात्रा पर मानसूनी कहर का असर साफ देखा जा सकता है। धामों में श्रद्धालुओं की संख्या एक चौथाई भी शेष नहीं बची है। पहाड़ से आने वाले मलबे के कारण यातायात तो बाधित हो ही रहा है साथ ही पहाड़ में यात्रा करना जान जोखिम में डालने जैसा हो चुका है। राज्य में चल रहे ऑल वेदर रोड के निर्माण कार्य के लिए पहाड़ों के और वृक्षों के अंधाधुंध कटान के कारण भूस्खलन की घटनाएं कई गुना अधिक बढ़ गई हैं जो यात्रियों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बनी हुई है। खास बात यह है कि भारी बारिश के दौरान सड़कों की मरम्मत का काम भी संभव नहीं है इसलिए सिर्फ मलबा हटाकर टूटी-फूटी सड़कों को सिर्फ आने जाने लायक ही बना पाना संभव है। जहां निर्माण कार्य किए जा रहे हैं वह अत्यंत जोखिम पूर्ण स्थितियों में हो रहे हैं। बीते कल नरकोटा में निर्माणाधीन पुल के ढहने से 10 मजदूरों का दब जाना और दो की मौत हो जाना तो एक बानगी भर है ऐसी दुर्घटनाएं पहाड़ पर आम बात है। खास बात यह है कि हर साल बारिश से होने वाले इस नुकसान को 8 माह का काम भी भरपाई नहीं कर पाता है। जो सड़कें और पुल इस साल टूट जाएंगे वह अगले मानसूनी सीजन तक पुनः बन जाएंगे इसकी कोई गारंटी नहीं है। पहाड़ के लिए हर एक मानसून का सीजन नई मुसीबतें लेकर आता है। यह गनीमत है कि इस साल अब तक किसी बड़ी आपदा से दो-चार नहीं होना पड़ा है अन्यथा हर मानसूनी सीजन में बादल फटने से गांव के गांव तबाह हो जाते हैं। और अगर आपदा 2013 जैसी हो तो उसके जख्म तो दशकों में भी नहीं भर पाते हैं। राज्य में बारिश के कारण सड़कों की क्या बदहाल स्थिति है उसके लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है राजधानी दून की सड़कों का हाल जानकर ही इसका अनुमान लगाया जा सकता है। इन दिनों राजधानी की सड़कों के हाल पर भले ही स्मार्ट सिटी के कामों की दलील दी जा रही हो लेकिन जब स्मार्ट सिटी का काम नहीं हो रहे थे तब भी सड़कों की हालत कुछ बेहतर नहीं थी। नदी-नालों के किनारे बसी बस्तियों में जलभराव तो आम बात है शहरों की तमाम बस्तियों के घर-मकानों में पानी भर जाता है। जहां तक सरकार के आपदा प्रबंधन की बात है तो उसका काम भी लोगों की जान बचाने से ज्यादा मलबे में शवों को ढूंढने तक ही सीमित है। सड़कों के बाधित होने से पहाड़ों में आवश्यक वस्तुओं और सेवाएं पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।



धर्मनगरी हरिद्वार में कांवड़ मेला बाजार में निरीक्षण के दौरान कांवड़ उठाते जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय।

# मुख्य सचिव ने प्रदेश में बन रहे विभिन्न रोड प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय स्थित सभागार में एनएचएआई के अंतर्गत प्रदेश में बन रहे विभिन्न रोड प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। उन्होंने दिल्ली - देहरादून, मसूरी - पांवटा साहिब, नजीबाबाद - जसपुर, हरिद्वार - हल्द्वानी, हल्द्वानी - नगीना और देहरादून रिंग रोड सहित सहारनपुर बायपास, खटीमा बायपास और हरिद्वार बायपास, गदरपुर बायपास आदि प्रोजेक्ट्स की प्रगति की प्रोजेक्टवाइज जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत प्रोजेक्ट्स को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स में सभी प्रकार के क्लीयरेंस समय से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली - देहरादून एक्सप्रेस वे सहित अन्य सभी प्रोजेक्ट्स में नेटवर्क उपलब्धता के दृष्टिगत सभी प्राविधान किए जाने की बात भी कही। साथ ही निर्माण सामग्री की कमी न हो इसके लिए खनन विभाग को भी निर्देश दिए कि एनएचएआई को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि सभी प्रोजेक्ट्स समय से पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स में भूमि अधिग्रहण का कार्य होना है, उनमें तेजी लाते हुए भुगतान शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने एनएचएआई हाईवे के निकट देहरादून के आसपास लॉजिस्टिक पार्क विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए, कहा कि लॉजिस्टिक पार्क हेतु भूमि शीघ्र चिन्हित कर कार्य प्रारंभ किया जाए।

**❑एनएचएआई के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत प्रोजेक्ट्स को पूर्ण करने के दिए निर्देश**

मुख्य सचिव ने एनएचएआई को देहरादून - चंडीगढ़ हेतु नए एलाइनमेंट पर भी कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया, कहा कि इससे देहरादून - चंडीगढ़ का सफर भी मात्र 2 घंटे का रह जाएगा।

बैठक में बताया गया कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का कार्य 3 पैकेज में होना है, पैकेज - 1, 2 अक्टूबर 2023 एवं पैकेज - 3 अप्रैल 2024 तक पूर्ण होना है। इसी प्रकार देहरादून - पांवटा प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण का कार्य गतिमान है, फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एनएचएआई से मनोज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे।

# फ्लैट के नाम पर छह लाख हड़पने पर बिल्डर्स के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। फ्लैट के नाम पर छह लाख साठ हजार रूपये की धोखाधडी के मामले में पुलिस ने बिल्डर्स सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैप्टन मसूद हसन खां पायलट पवन हंस जौलीग्रांट ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई डाक्टर मसरूफ खां द्वारा

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस विषय-ळ्ज ठन्स्क्म्ै द्वारा धोखा देकर प्रार्थी की रकम हड़पने के सम्बन्ध में। महोदय निवेदन इस प्रकार से है कि भाई के भाई मसरूफ खाँ डाक्टर राजकीय दून मेडिकल कॉलेज द्वारा जीटीए बिल एन्ड टर्स द्वारा प्रस्तावित हरिद्वार रोड, इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ देहरादून के सामने फारेस्ट लवाना आवासीय कलोनी पीएस नेहरू कालोनी देहरादून मे फ्लैट आवाटित होने के फलस्वरूप नितिन कपूर डाईरेक्टर जीटीएम द्वारा लुभावने सपने दिखाकर 28 फरवरी 2014 एक लाख साठ हजार रुपये खाते मे जमा कराये। उक्त फ्लैट उसके द्वारा अपने भाई से स्वयं के नाम करा लिया पुनः नितिन कपूर से मिले कपूर द्वारा बताया गया कि काफी निर्माण कार्य हो चुका है आप समस्त धनराशि जमा करा दे शीघ्र हो अपको फ्लैट हैडओवर कर दिया जायेगा। उसने उनके खाते में पांच लाख रूपये 2018 को जमा करा दिये। जिसके बाद से अभी तक नितिन कपूर उसको टालता रहा है कि बस कुछ दिनों में ही फ्लैट दे दिया जायेगा। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ धोखाधडी कर पैसा हडप लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आपश्चिदस्मै पिन्वन्त पृथ्वीर्वृत्रेषु शूरा मंसन्त उग्राः

(ऋग्वेद ७-३४-३)

वर्षा की फुहारें पृथ्वी पर मनुष्य और उसकी संतानों को पोषण देती हैं। जीवन के संग्राम में मानवता की रक्षा के लिए वीर नेताओं को प्रजा पुकारती है। जो राष्ट्र को उन्नत करते हैं।

The showers of rain nourish people and their progeny on earth. The people call upon the brave leaders to protect humanity in the struggle for life. Such leaders advance the nation. (Rig Ved 7-34-3)

# छात्राओं को 'अंडरगार्मेंट्स' उतारने पर विवश करने के आरोप में दो और लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। केरल में राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान छात्राओं को अंतःवस्त्र उतारकर परीक्षा देने के लिए मजबूर करने के आरोप में बृहस्पतिवार को पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया।

इस मामले में एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक शैक्षणिक संस्थान में हुई नीट परीक्षा के पर्यवेक्षक और परीक्षा समन्वयक से पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही इस मामले में अब गिरफ्तार हो चुके लोगों की संख्या सात हो गई है। हालांकि, नीट परीक्षा की ड्यूटी में तैनात रहीं पांच महिलाओं को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से तीन एक एजेंसी के लिए काम करती हैं, जिसकी सेवाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) लेती है, जबकि दो महिलाएं अयूर में एक निजी शैक्षणिक संस्थान के लिए काम करती है, जहां यह घटना हुई थी।




बता दें, यह कथित घटना केरल में कोल्लम जिले के अयूर में नीट(स्नातक)-2022 परीक्षा के एक केंद्र पर हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि एनटीए ने कोल्लम का दौरा करने के लिए एक तथ्य अन्वेषण समिति का गठन किया है। यह समिति चार हफ्तों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# पछुवादून में अघोषित बिजली कटौती जारी

देहरादून/ विकासनगर (आरएनएस)। पछुवादून में नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाकों में लगातार बिजली की अघोषित कटौती जारी है। बुधवार तड़के विकासनगर, हरबर्टपुर, सहसपुर, डाकपत्थर में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में डेढ़ घंटे और सेलाकुई में चार घंटे बिजली गुल रही। वहीं, सेलाकुई में लाइन में फॉल्ट आने से दोपहर में दो घंटे बिजली की आपूर्ति बंद रही।

अघोषित कटौती के चलते लोग पानी के लिए भी तरसते रहे। बुधवार को पछुवादून क्षेत्र में सुबह के समय बिजली की अघोषित कटौती जारी होने से लोगों में आक्रोश है। विकासनगर, हरबर्टपुर, डाकपत्थर, सहसपुर के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सात बजे से लेकर साढ़े आठ बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रही।

वहीं सेलाकुई में सुबह छह बजे से लेकर आठ बजे तक बिजली की अघोषित कटौती रही। यही नहीं, सेलाकुई में 33 केवी लाइन में फॉल्ट के नाम पर ढाई बजे से लेकर साढ़े चार बजे तक बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से नगर से लेकर गांवों तक बंद रही। लोगों का कहना है कि सेलाकुई में सुबह आठ बजे से लेकर देर रात तक प्रत्येक घंटे में पंद्रह मिनट से बीस मिनट तक बिजली की आंख मिचौनी का खेल चलता रहा। क्षेत्र में सुबह के समय हुई बिजली कटौती के चलते पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी। सुबह के समय पानी न मिलने से लोग परेशान रहे। लगातार हो रही बिजली कटौती के चलते लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, ऊर्जा निगम विकासनगर के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार का कहना है कि पावर ग्रिड से बिजली की कटौती की जा रही है। कटौती का समय भी वहीं से निर्धारित किया जाता है। उधर सेलाकुई के अवर अभियंता अतोल रावत का कहना है कि दोपहर के समय 33 केवी लाइन में फॉल्ट आ गया। जिसके चलते आपूर्ति बंद रही। जिसे ठीक कर सुचारु कर दिया है।

## जौनसार बावर में 20 सड़कें मलबा आने से बंद

विकासनगर (आरएनएस)। पहाड़ी क्षेत्रों भारी बारिश के कारण पहाड़ियों से मलबा जौनसार बावर की सड़कों पर आ गया।इससे जौनसार बावर के के बीस मार्ग बंद होने से यातायात प्रभावित रहा। लोनिवि ने दोपहर बारह बजे से लेकर दो बजे तक जेसीबी लगाकर मार्गों से मलबा हटाकर यातायात सुचारु करवाया। जौनसार बावर क्षेत्र में मंगलवार देर रात और सुबह के समय हुई बारिश से बीस मार्गों पर मलबा आ गया।इससे बीस मार्ग बंद हो गये। इससे यातायात सेवाएं बाधित रहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग घरों से समय पर निकलने के बावजूद अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच पाये। कई लोगों को समय अधिक होने के कारण वापस घर लौटना पड़ा। लेकिन जिन लोगों को अनिवार्य कार्यों से विकासनगर और चकराता मुख्यालय जाना था, वे देर से निकले और उन्हें रात्रि विश्राम यहीं करना पड़ी। बंद मोटर मार्गों में लांघा-बिन्हार -मटोगी, सराडी, पेडूलानी-मलेथा, हयो-अलसी,मीनस-अटाल, टिपरद मोटर मार्ग, अणू -चिल्हाड, रोटा खड्ड - अटाल, माग्टी -पोखरी, कोटी -बावर, पीआरडी मोटर मार्ग, नागौरा मोटर मार्ग, डांगूठा मोटर मार्ग, खबऊ मोटर मार्ग, सेंस पैनासी, मास्टर मोटर मार्ग, खारसी मोटर मार्ग,उत्पाल्टा मोटर मार्ग, डिमीच मोटर मार्ग, लेल्टा मोटर मार्ग मलबा आने से मार्ग बंद रहे। बंद मार्गों को खोलने के लिए लोनिवि ने जेसीबी लगाई गई। लोनिवि अधिशासी अभियंता एमएस वेडवाल का कहना है कि जेसीबी लगाकर अधिकांश मार्ग दोपहर तक यातायात के लिए खोल दिए गये।

## ऑटो-विक्रम न मिलने से झेलनी पड़ी दिक्कतें

ऋषिकेश (आरएनएस)। पंचक खत्म होते ही बुधवार को भारी संख्या में दिल्ली, हरियाणा और यूपी के कांवड़ियों के तीर्थनगरी ऋषिकेश पहुंचने से लोकल परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित रही। अधिकतर ऑटो, विक्रम और ई-रिक्शा संचालक कांवड़ियों को ढोते नजर आए। इससे स्थानीय लोगों को शहर में ऑटो-विक्रम न मिलने से दिक्कतें झेलनी पड़ीं। कई लोगों को मजबूरी में पैदल ही सफर करना पड़ा। हर बार कांवड़ यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों को आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए कुछ ऑटो और विक्रम आरक्षित किए जाते थे। इन पर बकायदा लोकल सवारी का नोटिस चस्पा किया जाता था। कोरोना संकट के चलते दो साल से स्थगित कांवड़ यात्रा इस बार शुरू हुई, लेकिन लोकल सवारियों के लिए प्रशासन की ओर से ऑटो-विक्रम आरक्षित नहीं किए गए। अब पंचक खत्म होते ही यातायात के विभिन्न साधनों से बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने तीर्थनगरी ऋषिकेश का रुख किया है। यहां से कांवड़िये ऑटो और विक्रम में सवार होकर नीलकंठ धाम की ओर रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे पर घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा और दून रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने लोग गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो-विक्रम का इंतजार करते नजर आए।

## पौड़ी-देवप्रयाग मोटरमार्ग पर तीन दिनों तक आवाजाही रहेगी ठप

पौड़ी (आरएनएस)। पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर 25 जुलाई से तीन दिनों तक आवाजाही पूरी तरह ठप रहेगी। इस दौरान इस मोटर मार्ग से आने-जाने वाले वाहनों का संचालन पौड़ी-श्रीनगर-देवप्रयाग और पौड़ी-सतपुली-व्यासघाट मोटर मार्गों से किया जाएगा। जिलाधिकारी पौड़ी डा. विजय कुमार जोगदंडे ने निर्देश जारी करते हुए परिवहन विभाग व पुलिस को व्यवस्था में किए बदलाव के तहत यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। रेल विकास निगम की ओर से आगामी 25 से 27 जुलाई तक पौड़ी-देवप्रयाग-गजा-जाजल मोटर मार्ग स्थित किमी 1 पर पुल की भार क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा। इस दौरान लाइव लोड टेस्ट के लिए वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा। जिलाधिकारी पौड़ी डा. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि पुल की भार क्षमता मूल्यांकन कार्य को लेकर वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रखना अनिवार्य है। जिसको देखते हुए आगामी 25 से 27 जुलाई तक पूरे ध्तीन दिनों के लिए पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप रहेगा।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। कोविड संविदा कर्मियों ने नौकरी बहाली की मांग पर बारिश के बीच सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा सरकार ने उन्हें फिर से तैनाती देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब उनकी जगह अन्य कर्मियों की तैनाती दी जा रही है। यह उनके साथ अन्याय है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुधवार को कोविड संविदा स्वास्थ्य कर्मियों भारी बारिश के बीच कलक्ट्रेट पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उन्होंने कहा कोविड काल में उन्हें तैनाती दी गई थी। इस जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया। लेकिन कोरोना की रफ्तार कम होते ही उन्हें सेवा से निकाल दिया गया। तब सरकार ने उन्हें फिर से तैनाती देने का आश्वासन दिया था। लेकि अब उन्हें तैनाती ने देकर अन्य कर्मियों को नौकरी में रखा जा रहा है जो उनके साथ धोखा है। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। चेतावनी देते हुए कहा जब तक तैनाती नहीं मिलेगी, पीछे नहीं हटेंगे। जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो अनशन शुरू किया जाएगा।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने शिमला बाईपास रोड शिव मन्दिर के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से साढे पांच ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील कश्यप पुत्र उमेश कुमार निवासी आधुवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पेट्रोल पम्प पर मारपीट में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पेट्रोल पम्प कर्मचारियों के साथ कार सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीमियर मोटर्स पेट्रोल पम्प के प्रबंधक अजय हरी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका चमन विहार में पेट्रोल है। उसके पम्प पर इनोवा कार में सवार तीन लोग पेट्रोल भरवाने आये तथा पेट्रोल भरवाते समय वह उनके कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे उन्होंने जब उनका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

## शराब पीकर हुडदंग मचा रहे छह गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब पीकर सडक पर हुडदंग कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मालदेवता से रायपुर आने वाले रास्ते पर केसर वाला के पास कुछ युवक सडक पर शराब पीकर हुडदंग मचा रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से छह लोगों को हुडदंग मचाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अरविन्द सेमवाल पुत्र महादेव प्रसाद निवाससी बडोवाला, सुनील सेमवाल पुत्र राधा कृष्ण निवासी बडोवाला, रवि मटियार पुत्र प्रभुदास निवासी श्यामपुर ऋषिकेश, राहुल राघड पुत्र गजेन्द्र सिंह, नितिन राघड पुत्र किशन सिंह दोनों निवासी मोथरोवाला व विशाल पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी रांझावाला बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको नागाघेर के पास पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने एक्टिवा से चार पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश उर्फ गोलू पुत्र रमेश निवासी झुग्गी झोपडी गोविन्द नगर ऋषिकेश बताया। वहीं पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने सब्जी मण्डी के पीछे जाने वाले रास्ते पर एक सेन्ट्रो कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार की डिग्गी से पुलिस ने सात पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनित कुमार पुत्र कुंवरपाल निवासी दौलतपुर बुग्गावाला हरिद्वार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

देहरादून (सं)। कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी माया राम राठौर ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अपनी स्कूटी से घर की तरफ आ रहा था जब वह बाडवाला के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बलेनो कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके बेटे की स्कूटी पर टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चेतावनी निशान के करीब पहुंची गंगा

ऋषिकेश (आरएनएस)। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से मैदानी इलाकों में गंगा के जलस्तर में उतार-चढ़ाव चल रहा है। बुधवार को ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से सिर्फ 90 सेमी नीचे रहा। गंगा के उफान को देखते हुए प्रशासन ने तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। रेस्क्यू टीम को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

गंगा का चेतावनी निशान 339.50 मीटर है। बुधवार को पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हुई झमाझम बारिश से गंगा के जलस्तर में सुबह से वृद्धि होने लगी। त्रिवेणीघाट पर गंगा की जलधारा आरती स्थल तक पहुंच गई।

श्रद्धालुओं के स्नान के लिए बनाया घाट पानी से लबालब हो गया। विद्युत पोल भी आधे पानी में डूब गए। करंट नहीं फैले इसके लिए यहां बिजली बंद कर दी गई।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक बुधवार सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 338.00 मीटर रहा। सुबह 10 बजे 338.05 मीटर, दोपहर 12 बजे 338.20 मीटर, 2 बजे 338.30 मीटर और शाम चार बजे जलस्तर बढ़कर 338.60 मीटर दर्ज किया गया। यानि वार्निंग लेवल से 90 सेमी नीचे गंगा का जलस्तर रहा। गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोगों में भय का माहौल रहा।

उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। गंगा घाटों और तटों पर एसडीआरएफ, पीएसी और जल पुलिस तैनात कर दी है। मौसम विभाग ने आगे दो दिन और भारी बारिश की संभावना जतायी है।

# जानें प्रेशर कुकर के 3 हैक्स, खाना बनेगा जल्दी

प्रेशर कुकर का इस्तेमाल हमेशा ही बहुत लाभदायक होता है और अगर आपको इससे जुड़े कुछ हैक्स पता हों तब तो ये और भी अच्छा साबित हो सकता है। ये हैक्स कुकर का इस्तेमाल करते समय आपका समय बचाने में बहुत मदद कर सकते हैं।

सब्जी और दाल एक साथ पकाने का हैक

अगर आपको बहुत ही ज्यादा जल्दी है और आप चाहती हैं कि बस आपका खाना 30-40 मिनट में बन जाए तब तो आप इस ट्रिक को अपना सकती हैं। करना बस ये है कि आपको कुकर के डिब्बों का इस्तेमाल करना है। जिस तरह से इडली मेकर के लिए इडली के सांचे आते हैं वैसे ही आप कुकर के अंदर रखकर खाना पकाने वाले डिब्बे ले सकती हैं। ये खाना पकाने में बहुत ही आसानी देते हैं। ये दो या तीन खंड में होते हैं और इनमें आप अलग-अलग चीज़ें पका सकते हैं। तरीका ये है कि आप नीचे के डिब्बे में दाल रखें और ऊपर के डिब्बे में कच्ची सब्जी रखकर उबाल लें। इसके बाद आपको सब्जी और दाल में बस तड़का लगाना रह जाएगा और कुकिंग टाइम बचेगा वो अलग। ये तरीका आपका खाना बहुत जल्दी तैयार करवा देगा।

ढक्कन गंदा ना हो इसके लिए करें ये उपाय

ऐसी कोई भी चीज़ जिसमें झाग उठता है जैसे दाल, चावल, छोले आदि के कारण कुकर का ढक्कन बहुत ज्यादा गंदा हो जाता है। ऐसे समय में आप कुकर के अंदर ही फोम बनने से रोक सकते हैं जिससे ज्यादा परेशानी ना हो। इसका बहुत ही आसान हैक ये है कि आप आधा चम्मच तेल या घी उस फोमिंग इंग्रीडिएंट के अंदर डाल दें। यहां आपको ध्यान रखना है कि कुकर को आधे से ज्यादा नहीं भरना। चाहे आप कुछ भी पका रहे हों उसे आधा ही भरना है।

झटपट कुकर का ढक्कन खोलने के लिए

कई बार ऐसा हो जाता है कि कुकर का ढक्कन हुत ज्यादा जाम हो जाता है और उसे खोलना बहुत मुश्किल होता है। वैसे तो यही श्रेयस्कर है कि आप प्रेशर कुकर का प्रेशर अपने आप ही कम होने दें। जब तक बहुत जरूरी ना हो तब तक कुकर का प्रेशर कम करने की कोशिश ना करें। झटपट सबसे बेहतर तरीका ये होता है कि आप चाकू या चम्मच से प्रेशर निकालें, लेकिन कई बार ये भी काम नहीं करता। अगर कुकर में पानी कम हो तो ये तरीका भी काम नहीं करेगा और कुकर के अंदर वैक्यूम बन जाएगा। ऐसे मामले में कुकर को पानी के नीचे रख देना चाहिए। ये आपके लिए ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षित तरीका होगा। कुकर ऐसे में जब ठंडा हो जाए तब ही उसे खोलने की कोशिश करें।

# कॉलेज से ऑफिस तक हमेशा स्टाइल है फ्लोरल प्रिंट

मानसून के मौसम में फ्लोरल प्रिंट के कपड़े काफी ज्यादा ट्रेंड में रहते हैं। ऐसे में आपका दिल भी करता होगा इसे पहनने का। लेकिन अगर अभी तक आप दुविधा में हैं कि फ्लोरल प्रिंट को किस तरह से स्टाइल करें। तो ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं। फ्लोरल प्रिंट को सही तरीके से मिक्स एंड मैच करके आप परफेक्ट लुक पा सकते हैं। वैसे तो फ्लोरल प्रिंट हमेशा ही फैशन में रहता है। लेकिन समर्स में इसे ज्यादातर लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। बस जरूरत है अपने बॉडी टाइप के हिसाब से सही तरह के प्रिंट और पैटर्न को अपने लिए चुनने की। जिससे कि स्टाइलिश लुक मिलें। अगर आप कॉलेज में फ्लोरल प्रिंट को पहनना चाहती हैं तो मानसून में मैक्सी ड्रेस कॉलेज में काफी स्टाइलिश दिखेगी। जिस पर आप अपने बॉडी टाइप के हिसाब से छोटे या बड़े प्रिंट को चुन सकती हैं। मानसून के सीजन में पेस्टल शेड के कलर ज्यादा खूबसूरत लगेंगे।

फ्लोरल प्रिंट के टॉप और को-आर्ड सेट भी काफी जंचते हैं। इन्हें आप आसानी से कॉलेज में कैरी कर सकती हैं। ये काफी स्टाइलिश (ह्यह्म्4द्यद्बह्य) दिखेंगे। टॉप में बड़े फ्लोरल प्रिंट भी काफी खूबसूरत लगेंगे। जिसे आप जींस के साथ पेयर कर परफेक्ट लुक पा सकती हैं।

अगर आप ऑफिस में फ्लोरल प्रिंट को पहनने के बारे में सोच रही हैं तो फ्लोरल प्रिंट के ब्लाउज को किसी प्लेन साड़ी के साथ मैच करें। ये काफी ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक देगा। वहीं आप साड़ी के साथ भी फ्लोरल प्रिंट का प्रयोग कर सकती हैं। हल्के रंग की साड़ी पर बनें छोटे प्रिंट अट्रैक्टिव लगेंगे। इसे आप आसानी से ऑफिस पहन सकती हैं। वैसे आप चाहें तो ऑफिस में दुपट्टा भी फ्लोरल प्रिंट का ले सकती हैं। साथ ही ब्लेजर भी आपको छोटे बड़े कई सारे प्रिंट के मिल जाएंगे। इन्हें आप अपने ऑफिस में कैरी कर स्टाइलिश दिखेंगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# किताबें पढ़ते समय ध्यान को भटकने से रोकने के लिए अपनाएं ये टिप्स



नियमित रूप से किताबें पढ़ना न सिर्फ आपकी कल्पना को बढ़ाता है और याददाश्त में सुधार करता है बल्कि इसकी मदद से तनाव से भी छुटकारा मिलता है। एक बेहतर पाठक बनने के लिए आपको धैर्य, समय और अभ्यास की जरूरत होती है और ये गुण आपके समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने में काफी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप कोई भी बुक ध्यानपूर्वक पढ़ सकते हैं।

धीरे-धीरे पढ़ें

अगर आपने हाल ही में बुक पढ़ने में रूचि दिखाई है तो इसे धीरे-धीरे और ध्यान से पढ़ें क्योंकि इससे आपको स्टोरी को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। तेजी से पढ़ने से आपके लिए यह समझना मुश्किल हो जाएगा कि आप क्या पढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे पढ़ने से एकाग्रता क्षमता में भी सुधार होता है। वहीं, अगर आप किसी भी जानकारी को प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं तो स्टोरी के पैसेज को दोबारा पढ़ें।

पढ़ते समय अपने पास एक पेन/पेंसिल रखें

पढ़ते समय चीजों को नोट डाउन करने से आपको बुक को बेहतर और गहराई से समझने में काफी मदद मिल सकती है। इसलिए बुक पढ़ते समय अपने पास एक पेन/पेंसिल जरूर रखें। इसके अतिरिक्त, आप जिन नए शब्दों को सीखना चाहते हैं, उन्हें नोट कर लें और डिकशनरी में से उनका अर्थ जानें। वहीं, अपने कुछ पसंदीदा वाक्यों को हाइलाइट करें ताकि आप उन्हें कभी भी बिना किसी परेशानी के खोज सकें।

ध्यान भटकाने वाली चीजों से बनाएं दूरी

बुक पढ़ते समय अपना स्मार्टफोन खुद से दूर रखें क्योंकि इसकी वजह से आपके लिए बुक की स्टोरी पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो सकता है। बेहतर होगा कि जब भी कोई भी बुक पढ़ने बैठें तो अपने मोबाइल को किसी अन्य कमरे में रखें। इसके अतिरिक्त, हमेशा एक शांत और अच्छी रोशनी वाली जगह पर ही बुक पढ़ने बैठें ताकि आप उसकी स्टोरी को बेहतर तरीके के समझ सकें। इस तरह आपका ध्यान नहीं भटकेगा।



जोर से पढ़ने की कोशिश करें

अगर आप अपने पढ़ने के कौशल में सुधार करना चाहते हैं और स्टोरी को गहराई से समझना चाहते हैं तो इसे जोर से पढ़ें। यह तरीका आपके उच्चारण को बेहतर बनाने में मदद करेगा और इससे आपको जटिल विषय को समझने में भी मदद मिलेगी। हालांकि, यह प्रक्रिया समस्याग्रस्त हो सकती है। आप इस तरीके को आसानी से घर पर अपना सकते हैं।

बुक पढ़ने के उद्देश्य को पहचानें

आपके पढ़ने के पीछे का कारण आपके पढ़ने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। आनंद के लिए नोवल पढ़ना या काम या स्कूल के लिए कोई बुक पढ़ना आपको अलग अनुभव प्रदान कर सकता है। अगर आप अपनी ग्रामर का अध्ययन या उच्चारण का अभ्यास करना चाहते हैं तो कोई ऐसी बुक पढ़ें, जो आपकी शब्दावली और उच्चारण की स्पीड बढ़ाए।

## शब्द सामर्थ्य -98

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# कंगना रनौत ने इमरजेंसी से अपना इंदिरा गांधी लुक जारी किया

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, जिनकी पिछली फिल्म धाकड़ ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया था, ने फिल्म इमरजेंसी से अपना पहला लुक जारी किया। अभिनेत्री ने उनके द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। इमरजेंसी, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, 25 जून, 1975 को इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आंतरिक इमरजेंसी की स्थिति के बारे में है।

यह 21 मार्च, 1977 तक चला, जब जनता पार्टी एक ऐतिहासिक चुनाव में सत्ता में आई थी। प्रोस्थेटिक्स, अलमारी और व्यवहार सभी दिवंगत प्रधानमंत्री की याद दिलाते हैं। लेकिन आलोचकों ने तुरंत यह बताया कि कंगना को सर शब्द के उच्चारण पर काम करने की जरूरत है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, कंगना ने कहा कि यह भारतीय राजनीतिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण अवधियों में से एक को दर्शाती है, जिसने हमारे सत्ता को देखने के तरीके को बदल दिया और इसलिए मैंने इस कहानी को बताने का फैसला किया।

कंगना ने थलाइवी में तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता और मणिकर्णिका में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाई है। फिल्म के संवाद रितेश शाह के हैं, जो पहले कहानी, पिंक, रेड और एयरलिफ्ट जैसी मशहूर फिल्मों से जुड़े थे।

# विजय देवरकोंडा ने लाइगर के नए गाने में दिखाया अपना जादू

अपने शानदार पोस्टर के चर्चा में आने के कुछ ही दिनों बाद, विजय देवरकोंडा अपनी नवीनतम फिल्म लिगर के नए गाने अकड़ी पकड़ी में अपने डांस मूव्स से चारों ओर तापमान बढ़ा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया पर ले जाते हुए, अभिनेता ने आखिरकार सुपर ग्रूवी और फुट टैपिंग डांस नंबर जारी किया, साथ ही इसमें एक बेहतरीन कैपशन भी दिया। गाने में तेजतर्रार स्टार की ऊर्जा संक्रामक है क्योंकि वह उत्साह से बीट्स को सहजता से मिलाता है। देवरकोंडा इस मासी डांस नंबर के माध्यम से फैंस के बीच बहुत प्यारी जगह बना ली है। कुछ दिनों पहले 2 जुलाई को जारी किए गए आकर्षक लुक लिगर के आखिरी पोस्टर ने पूरे देश में काफी हलचल मचा दी थी, रिकॉर्ड स्थापित करते हुए यह सबसे तेजी से 1 मिलियन लाइक्स पाने वाला पहला पोस्टर बन गया था। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म पूरे भारत में 25 अगस्त को बड़े पर्दे पर आएगी।

# रसिका दुग्गल ने शुरू किया 'मिर्जापुर 3' पर काम

'मिर्जापुर' में बीना त्रिपाठी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने वेब-सीरीज के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर नेटिजन्स को सूचित किया कि ,उन्होंने उस श्रृंखला के लिए काम करना शुरू कर दिया है जो एक पंथ का अनुसरण करती है। रसिका कहती हैं, मैं कलाकारों के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं और मुझे खुशी है कि गुरमीत इस सीजन में भी हमें निर्देशित कर रहे हैं। एक ऐसे निर्देशक का होना आश्वस्त करता है जो कहानी के पात्रों और दुनिया को अंदर और बाहर जानता है। परंतु दिव्येंदु और कुल जी की कमी खलेगी ! मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, कुलभूषण खरबंदा, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा और ईशा तलवार भी हैं। यह फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है।

## बनने जा रहा है कुछ कुछ होता है का रीमेक, करण जौहर करेंगे इन 3 स्टार्स को कास्ट

हिंदी सिनेमा में कई फिल्में ऐसी हैं जिनका रीमेक का कई लोग बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. हिंदी सिनेमा जगत के मशहूर निर्माता करण जौहर का नाम अक्सर सुर्ख़ियों में रहता है. हाल ही में करण जौहर ने अपनी आइकॉनिक सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है के रीमेक को लेकर खुलकर बातचीत की है. तो चलिए जानते हैं कि कौन से स्टार्स हैं जो कुछ कुछ होता है मूवी में कास्ट होंगे.

मालूम हो कि करण जौहर की ब्लॉकबस्टर फिल्म कुछ कुछ होता है बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है. हालहीं में कारन जोहर मैटर पर चुप्पी तोड़ी. रिपोर्ट्स के मुताबिक करण जौहर ने इसका खुलकर जबाव दिया. करण जौहर ने बताया है कि अगर भविष्य में जाकर कुछ कुछ होता है का रीमेक बनाता है तो मैं उसमें में अंजली, राहुल और टीना के किरदार में आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और जान्हवी कपूर को कास्ट करुंगा. साल 1998 में करण जौहर के डायरेक्शन में बनी कुछ कुछ होता है बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है. इस फिल्म में बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान , एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी अहम किरदार में मौजूद थे. आज भी लोग इन गानों को याद करते हैं और आज भी इस फिल्म ने लोगों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ी है.

# पश्चिम के प्रभाव से नहीं बन रहीं मसाला फैमिली एंटरटेनर फिल्में: वरुण धवन



बीते कुछ सालों से बॉलीवुड में बायोपिक और पीरियड ड्रामा फिल्मों का बोलबाला है। इसके अलावा महिला प्रधान फिल्में और सच्ची घटनाओं पर आधारित थ्रिलर फिल्मों का भी ट्रेंड है। ऐसे में बॉलीवुड की पुरानी मसाला फिल्में धीमे-धीमे गायब हो रही हैं। मसाला फिल्मों से करियर की शुरुआत करने वाले वरुण धवन ने अब इसकी वजह के बारे में बात की है। वरुण इन दिनों जुग जुग जियो के लिए चर्चा में हैं।

वरुण धवन का कहना है कि पश्चिम के प्रभाव की वजह से बॉलीवुड में बड़े स्तर की फैमिली एंटरटेनर बनना बंद हो गई हैं। किसी को नहीं पता कि किस तरह की फिल्म चलेगी। वरुण के अनुसार बड़े-बड़े प्रोड्यूसर से लेकर ट्रेड एक्सपर्ट तक, किसी को नहीं पता कि दर्शकों को अब क्या चाहिए। फिर भी हर शुक्रवार को हम बात करते हैं कि ये का कर सकता है, वो काम कर सकता है।

वरुण ने कहा, खासकर कोरोना महामारी के बाद कोई नहीं जानता कि अब किस तरह कि फिल्में चलेंगी। वहीं, अपनी व्यक्तिगत पसंद के बारे में बात करते हुए वरुण ने कहा कि उन्हें फैमिली एंटरटेनर पसंद हैं। बता दें कि वरुण ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया, मैं तेरा हीरो और जुड़वा जैसी दमदार एंटरटेनर फिल्मों में दिखाई दिए थे। उन्होंने बदलापुर और अक्टूबर जैसी फिल्में भी चुनीं। लो बजट फिल्में चुनने को लेकर वरुण ने कहा कि ऐसी फिल्मों ने उन्हें अभिनेता के रूप में निखारा है। उन्होंने कहा, ये भूमिकाएं चुनौतीपूर्ण होती हैं और कुछ नया करने का मौका देती हैं। ऐसी फिल्मों में हम ज्यादा प्रयोग कर सकते हैं। बजट कम होने की वजह से ऐसी फिल्मों में रिस्क कम होता है। वहीं बड़े बजट की फिल्मों में प्रयोग करने का स्पेस नहीं होता क्योंकि यहां हम रिस्क नहीं ले सकते।

वरुण के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आने वाले दिनों में फिल्म भेड़िया में दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ कृति सैनन भी नजर आएंगी। इसी साल उनकी फिल्म बवाल का ऐलान हुआ है। इसमें वह जाह्नवी कपूर के साथ रोमांस करते दिखाई देंगे। वरुण अपने करियर की पहली बायोपिक इक्कीस में नजर आएंगे, जो युद्ध नायक अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित है। यह पहला मौका होगा, जब वरुण भारतीय सेना की वर्दी में दिखेंगे।

# कैप्सूल गिल से सामने आया अक्षय का पहला लुक

अक्षय कुमार को आप सभी जल्द कई धमाकेदार फिल्मों में देखने वाले हैं। जी दरअसल इन दिनों अक्षय अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरु कर चुके हैं, और यह शूटिंग लंदन में की जा रही है। काफी लंबे समय से इस फिल्म के बारे में चर्चा चल रही थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर कोई घोषणा नहीं की गई थी। आप सभी को बता दें, फिल्म से अक्षय कुमार का फर्स्ट भी सामने आ चुका है जो धमाकेदार है। जी दरअसल पूजा एंटरटेनमेंट के साथ यह अक्षय कुमार की तीसरी फिल्म होगी और फिलहाल फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं हुआ है। हालाँकि हम आपको यह बता दें कि यह चीफ कोल माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित होगी, जिन्होंने 64 लोगों की जान बचाई थी।

इस फिल्म के निर्देशन का जिम्मा संभाला है टीनू सुरेश देसाई ने, जो इससे पहले अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रूस्तम भी निर्देशित कर चुके हैं। सामने आने वाली रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का नाम कैप्सूल गिल होगा, लेकिन इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ वाशु भगनानी के साथ अक्षय कुमार इससे पहले बेल बॉटम बना चुके हैं, वहीं इस जोड़ी की दूसरी फिल्म है बड़े मियां छोटे मियां, जिसमें टाइगर श्रॉफ भी हैं। हालाँकिइस समय फिल्म से अक्षय कुमार लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड में बना हुआ है।

आप सभी को बता दें कि इस लुक के बाद दर्शक फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हो चुके हैं। इस फिल्म की कहानी माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के जीवन की एक घटना पर आधारित है, जब उन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल की रानीगंज कोल फील्ड में फंसे 64 खान मजदूरों की जान बचाई थी। एक मशहूर वेबसाइट के मुताबिक, लंदन में फिल्म की शूटिंग के लिए प्रोडक्शन कंपनी ने १०० एकड़ एरिया कवर किया हुआ ।

# इमान वेल्लानी की ऊर्जा संक्रामक है: फरहान अख्तर

बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने मिस मार्वल के चौथे एपिसोड से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में डेब्यू किया। उन्होंने अभिनेत्री इमान वेल्लानी की प्रशंसा की, जो सीरीज में कमला खान और सुश्री मार्वल की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, और कहा कि उनकी ऊर्जा बहुत संक्रामक है।

फरहान ने वलीद की भूमिका निभाई है, जो रेड डैगर्स के नाम से जानी जाने वाली प्राचीन व्यवस्था के नेता हैं। वलीद, जो कमला खान के लिए एक संरक्षक के रूप में कार्य करती है, जब वह कराची में अपनी नानी से मिलने जाती है, तो उसकी महाशक्तियों और उसकी असली पहचान के पीछे के रहस्य का जवाब देने और उसे उजागर करने में मदद करती है।

मार्वल सेट पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, फरहान ने कहा, शो में काम करना बहुत रोमांचक था। यह एक बिल्कुल अविश्वसनीय ब्रह्मांड है और उन्होंने कुछ बिल्कुल अविश्वसनीय पात्रों का निर्माण किया है।

इसलिए उनमें से एक होना - वलीद होना - वह व्यक्ति बनें जो रेड डैगर्स के संरक्षकों के आदेश से है, यह सिर्फ एक बहुत ही गंभीर जिम्मेदारी की तरह लगा और साथ ही साथ बहुत रोमांचक भी।उन्होंने आगे कहा कि, भूमिका की तैयारी के दौरान उन्होंने खुद को निर्देशकों के दृष्टिकोण के सामने प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा, निर्देशक शरमीन और एक्शन करने वाले गैरी के साथ काम करते हुए, मेरे पास बहुत अच्छा समय था। हमें रिहर्सल करने और कोरियोग्राफी सीखने के लिए कुछ दिनों के लिए अंदर जाना पड़ा। सारी मेहनत वहीं की गई, ताकि जब हमें मिल जाए सेट पर, यह खेलने का समय था।

साथी नवोदित वेल्लानी के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए, फरहान ने कहा, वह एक बिल्कुल अद्भुत व्यक्ति हैं और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। जब सुश्री मार्वल के कलाकारों की बात आती है तो उनकी ऊर्जा संक्रामक होती है और प्रेरक शक्ति होती है।

सीरीज, जो समापन की ओर बढ़ रही है, आदिल एल अरबी और बिलाल फलाह, शरमीन ओबैद-चिनॉय, लघु वृत्तचित्र श्रेणी में दो बार ऑस्कर विजेता और मीरा मेनन द्वारा निर्देशित की गई है।

इमान और फरहान के साथ, सीरीज को विविध और गहरी प्रतिभाशाली सहायक कलाकारों द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसमें फरहान अख्तर, फवाद खान, मोहन कपूर, मैट लिंट्ज, यास्मीन फ्लेचर, जेनोबिया श्रॉफ, सागर शेख और कामरान के रूप में ऋश शाह शामिल हैं। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार। पर प्रसारित होता है।

# तारे आसमान से न टूटे

डॉ.शैलेन्द्र जैन/अनीस सुल्ताना खान

आसमान में चांद-चांदनी की कई कहानियाँ हमने पढ़ी-सुनी है। तारों का जिक्र कम ही होता है पर क्या तारों के बिना चांद और आसमान का वजूद संभव है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते बिना तारों के आसमान की। जब भी आसमान आकाश को याद भी करें तो चांद-सितारे सब दिखाई देते हैं पर बात मूल रूप से चांद की ही होती है। जबकि तारों के बिना आकाश सूना  है हर तारे की अपनी खुद की रौशनी जो होती है उन्ही तारों की रौशनी में चांद और खूबसूरत दिखाई देता है जबकि उसकी अपना कोई प्रकाश नहीं होता। है न मजेदार और अन्याय जैसा भेदभाव बेचारे तारों के साथ। अफसोस जिन तारों के बिना आकाश सूना, जमी सूनी, चांद सूना, सृष्टि सूनी उन्हीं का नजरअंदाज किया जाना, क्या गुजरती होगी उन तारों पर बेचारे टूट जाते होंगे। पर आसमान में चंद-तारों के टूटने को आसमान के वजूद पर कोई फर्क नहीं पड़ता। चांद-तारों पर इतनी रौशनी डालने का मेरा मतलब कहानियों को दोहराना नहीं है। मैं टूटते हुए तारों की तुलना  उन नौजवानों से करना चाहता हूँ जो बहुत तेजी से उड़कर मंजिल तक पहुंचना चाहते हैं और रास्ते में आने वाले अवरोध से टकराकर अधूरा जीवन छोड़कर दुनिया छोड़ जाते हैं अपनी इहलीला खुद समाप्त कर लेते हैं। जी हाँ, आपने ठीक समझा आत्महत्या। मैं आत्महत्या की ही बात कर रहां हूँ। आज दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है। आधुनिक तकनीकें इंटरनेट और न जाने क्या-क्या। अब तो दुनिया भी सिमट गई है। पर मॉडर्न, आधुनिक परिवार में पढ़-लिख कर सफलता की ऊंचाईयों को छूने की प्रतियोगिता में हार जाते हैं। आज आए दिन समाचार पत्रों से सोशल मीडिया से यही समाचार मिलते हैं जो हमें दुखी कर देते हैं। झकझोर देते हैं। अपने जीवन से हारने वालों को हम हर क्षेत्र के लोगों में देख रहे हैं। फिल्मी सितारे, स्टूडेंट ,नौकरीपेशा, वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर कोई अछूता नहीं है। और ये भी जानता है कि वो नौजवान चाहे लड़के हो या लड़कियाँ उनमें प्रतिभा की कमी नहीं थी, होनहार थे पर रातों रात मंजिल पा लेने की होड़ में ही मानसिक तनाव, दुख में घिर जाते हैं। अपने मन की बातों को अपने परिवार दोस्तों सहकर्मियों से भी नहीं बताते। अकेले संघर्ष करते-करते टूटने लगते हैं, हारने लगते हैं, अपने आप को दूसरों से कम  आंकते हैं जिससे उनका सेल्फ कॉन्फिडेंस आत्म शक्ति कम होने लगती है। यही प्रतिभावान अब अपने आप को अंधेरों की ओर ले जाते हैं। अपने आप को सीमित कर लेते हैं, अनसोशल हो जाते हैं, उदास रहने लगते हैं और धीरे-धीरे अपने लक्ष्य से भी दूर हो पाते हैं यही स्थिति होती है जब अवसाद (डिप्रेशन) से ग्रस्त हो जाते हैं। अपने अंदर की हीन भावना ही उन्हें अब आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने लगती है। अब वो अपने लक्ष्य पर नहीं बल्कि जीवन समाप्त करने के रास्तों पर अग्रसर होने लगते हैं। ये सोचे बिना कि दुनिया में अपने परिवार में वो अकेले नहीं हैं। उनसे कितने लोग जुड़े हैं। माता-पिता, भाई-बहन पत्नी, बच्चे। लेकिन इस ओर ध्यान ही नहीं जाता कि मेरे मरने के बाद इन सब पर क्या बीतेगी? कभी-कभी लगता है, कि इतनी जिंदगियों को बीच मझधार में छोड़कर खुद दुखों से छुटकारा पाने की चाहत रखने वाला कमजोर नहीं अपितु स्वार्थी होता है। जो अपने सिवा अन्य की परवाह नहीं करता? अवसाद को रोकने और देह त्याग से बचने को ध्यान में रखकर एक छोटी सी कहानी प्रस्तुत है-अपना कम्प्यूटर बंद करके शाम को पांच बजे मैं जैसे ही अपनी शॉप बंद करके बाहर निकला एक लालबत्ती वाली सफेद कार मेरे सामने आकर रुकी। मैं असमंजस में था कि ये गाड़ी यहां क्यों आई है। कई सवाल मेरे मन में उठने लगे। मैं इस शहर में कम्प्यूटर कोचिंग का स्कूल चलाता था। आई.आई.टी. जैसे संस्थान में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स मेरी कोचिंग क्लास में आते थे। कोचिंग सेंटर तीन शिफ्ट में चलता था। धीरे-धीरे मेरे कोचिंग का अच्छा खासा नाम शहर में प्रचलित हो गया था। जिससे मेरी गृहस्थी  अच्छी चल रही थी। कार उतर कर आए आदमी ने मुझसे कहा आपको साहब ने बुलाया है।

कौन साहब? मैने पूछा। उसने कहा कलेक्टर साहब ने। क्या काम है? कुछ व्यक्तिगत काम है, अभी चलियेगा। मैने समाचार पत्र में पढ़ा था कुछ तबादले उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के होने वाले हैं। पता नहीं नये कलेक्टर कौन आए हैं जिन्होंने मुझे बुलावा भेजा है। मैने अपनी हौंडा सिटी निकालने के लिए चाबी निकाली। लेकिन उसने कहा इसी गाड़ी से चलना है। मैं अनमने मन से उसकी कार में बैठ गया और सोचने लगा, पता नहीं क्या काम है मुझसे। पर मैंने ड्रायवर से ज्यादा बात नहीं की। कलेक्ट्रेट पहुंच कर मैं जैसे कलेक्टर साहब के कमरे में गया, मैने देखा, सुभाष मेरे बचपन का साथी सीट पर बैठा हुआ था। अभिवादन  कर मैं बैठ गया। सुभाष के चेहरे से तेज झलक रहा था लेकिन एक उदासी भी उसकी आंखों में मैने महसूस किया। उसने कहा सोहन ने आत्महत्या कर ली। क्या तुम्हें मालूम नहीं। बी.ई.ग्रैजुएशन करने के बाद हम तीनों दोस्त अपने-अपने रास्ते हो गये थे। सभी के अपने-अपने सपने थे। जीवन में बहुत कुछ अच्छा ऊँचा करने की चाहतें थी। सपने मैंने भी बुने थे। हम तीनों में सुभाष कुछ ज्यादा ही महत्वाकांक्षी था। तो सोहन भी कुछ कम नहीं था। मध्यमवर्गीय परिवार से था, पर ऊर्जा से भरा हुआ। लेकिन मुझे लगता था कि मैं इन दोनों से थोड़ा हटकर हूँ। रसोई से खाली बर्तनों की आवाज आ जाए तो खाना मांगना मूर्खता है। ऐसी मेरी सोच थी। क्या चमकने वाले ही सफल जिंदगी जीते हैं। कई उदाहरणों से मैं प्रेरित होता था जैसे अब्दुल कलाम, अब्राहम लिंकन, विपरीत परिस्थितियों और अभाव में भी राष्ट्रपति जैसे पदों पर पहुंचे थे। पर यदि हम उच्च पदों पर नहीं पहुंचे तो क्या अपना मानसिक संतुलन खो दें। तुमने आज का अखबार पड़ा सुभाष की आवाज से मैं अतीत से वर्तमान में वापस लौटा। मैने कहा क्यों- क्या हुआ? आत्महत्या कर ली। वह यूपीएससी क्लीयर नहीं कर सका। उसका बड़ा बनने का इरादा था। रमेश एक सामान्य वर्ग का छात्र जो हम लोगों के साथ ही पढ़ता था। 98 प्रतिशत आने पर भी घर वालों का उस पर दबाव बना रहता 99 प्रतिशत 100 प्रतिशत लाने का। इस मामले में मैं लक्की था मेरे 78 प्रतिशत लाने पर भी अभिभावक मुझे प्रोत्साहित करते थे। कोई बात नहीं, अगले साल मेहनत करना जीवन एक पगडंडी है किसी पर भी सवार होकर जाओ मंजिल देर-सबेर पार हो जाती है। यही सीख मुझे दी जाती थी। पर रमेश हमेशा दौड़ने की बात करता उसकी समझ में ये बात कभी नहीं आती कि कुछ हासिल करने के लिए जरूरी नहीं कि दौड़ा जाए। कुछ चीजें ठहरने या धीरे चलने से भी मिल जाती हैं। मैंने ग्रेजुएशन के बाद कुछ समय स्कूल में नौकरी की, फिर अपना कोचिंग क्लास शुरु किया और आज धीरे-धीरे कछुए और खरगोश की कहानी की तरह नाम व ख्याति, सम्मान पा गया। मन में शांति और संतुष्टि रखा केवल सपनों की ही उड़ान नहीं भरी। न जाने क्यों लोग अपने जान के पीछे पड़े रहते हैं। अपने स्टूडेंट्स को भी कम्प्यूटर के प्रशिक्षण के साथ-साथ नई युवा पीढ़ी को भी मैं यही सिखाता हूँ, सपने देखना, ऊंचे से लक्ष्य रखना गलत नहीं है पर अब जमाना बदल गया है।

नौजवानों के लिये संदेश

अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार के परिवार में माता-पिता जो हासिल नहीं कर पाते वह अपने बच्चे के भविष्य के आईने में उन सपनों को देखते हैं। साथ ही बच्चा समाज, मीडिया आदि की प्रतिक्रियाओं, समाचारों आदि में भविष्य में कुछ बनने की जिद के चलते उन विचारों को रुई के गट्ठर की तरह सिर पर धारण कर लेता है। जो कहावतों के पानी से भारी हो जाती है जिन्हें उसे सहन करना मुश्किल हो जाता है।

*लेखक- प्रतिमेष हॉस्पिटल नेहरु नगर पश्चिम भिलाई के प्रोप्रायटर,*

*साइकोलॉजिस्ट और फैमिली पुलिस काउंसलर हैं*

## सू- दोकू क्र.99

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.98का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# संकट से घिरता रुपया

यह सबका अनुमान है कि व्यापार घाटे को नियंत्रित करना फिलहाल संभव नहीं है। ऐसे बढ़ते आयात बिल और ऋण चुकाने पर होने वाले खर्च के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा का संकट खड़ा हो सकता है।

रुपये का भाव संभालने की भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिशें अब नाकाम हो रही हैं। रुपये का मूल्य ना गिरे, इसके लिए रिजर्व बैंक फरवरी के बाद से अपने भंडार से 40 बिलियन डॉलर बाजार में डाल चुका है। इसके बावजूद बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि जल्द ही एक डॉलर 80 रुपये का हो जाएगा। संभव है कि इस साल के अंत तक डॉलर की कीमत 82 रुपये तक पहुंच जाए। ऐसे में रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव समेत कुछ विशेषज्ञों की ये सलाह गौरतलब है कि रुपये को संभालने की कोशिश में भारत को अपने विदेशी मुद्रा भंडार को इस तरह खाली नहीं करना चाहिए। खास कर यह देखते हुए कि अगले छह से नौ महीनों में भारत को डॉलर में लिए गए 267 बिलियन डॉलर के अल्पकालिक ऋण को चुकाना है। पिछले साल सितंबर में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 642 बिलियन डॉलर थे। अब 593 बिलियन डॉलर बचे हैं।

जून में व्यापार घाटा 25 बिलियन डॉलर के भी ज्यादा हो गया, जो एक रिकॉर्ड है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति देखते हुए यह सबका अनुमान है कि व्यापार घाटे को



नियंत्रित करना फिलहाल संभव नहीं है। ऐसे बढ़ते आयात बिल और ऋण चुकाने पर होने वाले खर्च के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा का संकट खड़ा हो सकता है। इसी बीच रुपये की कीमत संभालने के लिए भी डॉलर बाजार में डाले जाते रहे, तो संकट और बढ़ जाएगा।

स्वस्थ अर्थव्यवस्था वह होती है, जिसमें आयात बिल का भुगतान निर्यात से होने वाली आय और विदेशों में रहने वाले देशवासियों की वापस भेजी जाने वाली कमाई से ही हो जाए। विदेशी निवेश के जरिए आई रकम को इस पर खर्च करना अपने-आप में समस्याग्रस्त बात है। वैसे भी निवेशक इस वर्ष 30 बिलियन डॉलर रकम निकाल चुके हैं आगे वे और भी रकम निकालेंगे। कहा जा सकता है कि जिन नीतियों पर देश चला, उनकी कीमत चुकाने का वक्त तेजी से करीब आ रहा है। ऐसे में बुद्धिमानी यह है कि अब भी हाथ समेट कर और संसाधन जुटाने के अतिरिक्त उपाय करते हुए आगे बढ़ा जाए। ये संभव है, अगर अपने 'हार्ड वर्क' के अलावा 'हार्वर्ड के विशेषज्ञों' की राय भी ध्यान दे। (आरएनएस)

## 35 की उम्र में नहीं रुक रही हैं हुमा कुरैशी की अदाएं

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपनी फिल्मों के अलावा लुक्स को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं. कुछ समय से इंटरनेट पर उनका काफी बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है. अब फिर से हुमा ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है. जिसमें वह रेड कलर का थाई-हाई स्लिट गाउन पहने नजर आ रही हैं. इस लुक में हुमा कीफा हमेशा की तरह बोल्ड और हॉट लग रही हैं. अब हुमा के फैंस उनके इस अंदाज को खूब पसंद कर रहे हैं.

हुमा कुरैशी ने अपने अब तक के करियर में साबित कर दिया है कि वह किसी भी तरह के रोल में खुद को ढालने में माहिर हैं. खास बात यह है कि दर्शकों ने उन्हें हर रूप में पसंद भी किया है. ऐसे में उन्हें लगातार कई नए प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं. हुमा की एक्टिंग ही नहीं, बोल्डनेस ने भी लोगों का दिल जीत लिया है. आज पूरी दुनिया में उनके चाहने वाले मौजूद हैं, जो हमेशा हुमा की एक झलक का बेसब्री से इंतजार करते हैं.  लेटेस्ट फोटोशूट में हुमा कुरैशी रेड डीपनेक और रिवीलिंग गाउन में नजर आ रही हैं. लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने स्मोकी मेकअप किया है और कर्ली कर अपने बालों को खुला छोड़ दिया है. यहां वह एक स्टूल पर बैठी हैं और अपना कातिलाना लुक दिखा रही हैं. (आरएनएस)

# जिलाधिकारी ने की इंजीनियर के निलंबन की संस्तुति

नगर संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी लघु सिंचाई विभाग में तैनात सहायक अभियंता द्वारा लम्बे समय बाद भी स्थानान्तरण स्थल भीमताल में कार्यभार ग्रहण न करने पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता के निलम्बन की संस्तुति शासन को कर दी है। बताया जा रहा है कि सहायक अभियन्ता का स्थानान्तरण छह माह पूर्व हल्द्वानी से उप खण्ड लघु सिंचाई भीमताल के लिए हुआ था। विभागीय अधिकारियों द्वारा सहायक अभियन्ता को स्थानान्तरण स्थल भीमताल में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कई बार पत्राचार किया गया लेकिन उनके द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवेहलना की गयी। सीडीओ ने भी पूर्व में सहायक अभियन्ता के खिलाफ अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक कार्यवाही के लिए शासन को अपनी संस्तुति भेजी थी। अब इस मामले में जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल ने संज्ञान लेते हुए सहायक अभियन्ता के निलम्बन की संस्तुति कर दी है।

## सत्यापन की आढ़ में मजदूरों का शोषण: सीटू

देहरादून। सैन्टर आफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू).ने भाजपा सरकार द्वारा गरीब बस्तियों में बुल्डोजर चलाने की कड़े शब्दों में निन्दा की है। सीटू के जिला महामन्त्री लेखराज ने बताया है कि भाजपा सरकार अवैध बस्तियों के बहाने गरीब बस्तियों में बुल्डोजर चला कर गरीबों को बेघरबार कर रही है। अमीरों द्वारा कब्जाई भूमि पर मौन है ,क्योंकि सरकार मन्त्रियों, अफसरों तथा भाजपाई कई नेताओं द्वारा कई जगह भूमि कब्जा रखी है। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन के नाम मजदूरों का उत्पीड़न बन्द हो। इस अवसर चित्रा, अनन्त आकाश, अर्जुन रावत, रामराज पाल ,अनिता वर्मा, भुवनेश्वरी, राजदुलारी आदि शामिल थे।

## मारपीट कर लज्जा भंग करने के मामले मे पांच नामजद

देहरादून (सं)। मारपीट कर लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सालावाला हाथीबडकला निवासी युवती ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सालावाला में अपनी मां के साथ रहती है। 14 जुलाई को प्रात: साढे दस बजे पडोस में रह रहे सलेख चन्द पुत्र माम चन्द के घर वालों ने उसके मकान की खिड़की पर अपने जूते चप्पल रखे हुए थे जब उसने सलेख चन्द को उन्हें हटाने के लिये आग्रह किया तो सलेख चन्द के घर में रह रहे सलेख चन्द के दामाद विक्की और सलेख चन्द की पुत्री चान्दनी सलेख का पुत्र पीयूष तथा सलेख चन्द की दूसरी पत्नी मीना देवी आदि लोगो ने उसको गन्दी गन्दी गालियां दी और सलेख चन्द का दामाद विक्की ने सीमा को उसके घर से घसीटता हुआ अपने कमरे में ले गया और लज्जा भंग करने का प्रयास किया तथा उक्त लोगों ने उसके व उसकी मां के साथ मारपीट कर उनको घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## करोडों की धोखाधडी के आरोपी दस हजार का ईनामी गिरफ्तार

देहरादून (सं)। जमीनों के नाम पर कई लोगों से करोडों की धोखाधडी के आरोपी दस हजार के ईनामी गैगेस्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिलकाना रोड थाना मण्डी सहारनपुर निवासी अब्दुल कादिर के खिलाफ कई लोगों ने जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी करने के मुकदमें दर्ज कराये थे। उसके खिलाफ लगभग करोडों रूपये की धोखाधडी के मामले दर्ज किये गये जिसके बाद पुलिस ने गिरोह बनाकर लोगों को ठगने के आरोप में गैगस्टर एक्ट में भी उसको निरूद्ध किया था जिसके बाद से ह अब्दुल कादिर फरार चल रहा था जबकि उसके एक अन्य साथी व इसके बेटे रूहूल अमीन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन अब्दुल कादिर फरार चल रहा था जिसके ऊपर पुलिस ने दस हजार का ईनाम घोषित किया था। आज सेलाकुई थाना पुलिस ने अब्दुल कादिर को उसके सहारनपुर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया है।

# महाराज के प्रयासों से लोनिवि के 196 कनिष्ठ अभियंता बहाल

संवाददाता



देहरादून। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज के अनवरत प्रयासों के परिणाम स्वरूप आखिरकार हड़ताल के दौरान हटाये गये लोक निर्माण विभाग के 196 संविदा कर्मी कनिष्ठ अभियंताओं को पुन: बहाल कर दिया गया।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज के प्रयासों के बाद विभाग में संविदा पर कार्यरत कुल 304 कनिष्ठ अभियंता (सिविल, प्राविधिक, विद्युत, यांत्रिक) में से 181 हड़ताली और 16 कनिष्ठ अभियंता जो हड़ताल में शामिल नहीं थे ऐसे सभी 196 संविदा कर्मी जिन्हें हड़ताल में शामिल होने के चलते संविदा विस्तार न दे कर सेवा से हटा दिया गया था।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज के हस्तक्षेप के बाद उन्हें पुन: सेवा में बहाल कर दिया गया है। जबकि शेष 90 संविदा कर्मी कनिष्ठ अभियंताओं की बहाली हेतु प्रकरण वित्त विभाग को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। शीघ्र ही वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इन्हें भी कार्य कर रख लिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने हड़ताल के कारण हटाए गए कनिष्ठ अभियंताओं की बहाली पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके लिए उन्होने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया कि उन्होने इनकी बात को सुना और उन्हें पुन: सेवा का मौका दिया। उन्होंने कहा कि बहाल हुए संविदा कर्मियों को 8-10 वर्षो का अनुभव है। वर्षा के कारण पहाड़ों में जगह-जगह सड़कें बाधित हो रही है ऐसे में इनके अनुभवों का लाभ लिया जाएगा।

## भीमगोड़ा तिराहे पर यात्रियों से भरी बस पलटी, 20 घायल

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। जनपद हरिद्वार के भीमगोड़ा तिराहे पर आज एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, दुर्घटना में हालांकि किसी की जान नहीं गई है लेकिन बस में सवार 20 यात्रियों के घायल होने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस हरिद्वार से केदारनाथ जा रही थी लेकिन एक स्कूटर सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई लेकिन 20 यात्री घायल हो गए हैं जिन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार 19 लोगों को मामूली चोटें आई है तथा इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है एक महिला यात्री को गंभीर चोट होने के कारण भर्ती किया गया है।

## डॉक्टर से दो लाख की रंगदारी मांगने के मामले में चार नामजद

संवाददाता

देहरादून। डाक्टर के घर में घुसकर उससे दो लाख रूपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजबपुर कला निवासी डा. प्रमोद त्यागी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 11 जुलाई की रात में जब वह अपने आवास पर सोया हुआ था । तो रात्री लगभग सवा दस बजे उसको यह आभास हुआ कि कोई उसके घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ रहा है उसकी वृद्ध माता ऊपर के कमरे में सो रही थी जब वह बाहर आया तो देखा कि तीन लोग दरवाजे को तोड़ रहे है एवं गन्दी गन्दी गालियां दे रहे हैं चैक करने पर देखा कि सभी अन्य दरवाजे बन्द थे। 12 जुलाई को चार लोग उसके पीछे के दरवाजे से अन्दर जबरन घुस आये जिनमें से तीन लोग कपिल बिष्ट, इरफान नागिन निवासी अजबपुर कलां देहरादून एवं फरीद हुसैन को वह जानता है व एक अन्य जिसे वह देखने पर पहचान सकता है। कहने लगे कि हमें दो लाख रूपये रंगदारी के रूप में दे और कहा दे वरना अपना व अपने परिवार की जान का सोच, भय होने के कारण में कमरे में पैसे लेने के बहाने गया और अपना कमरा बंद कर लिया। जिसके बाद उक्त लोग उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।


# लोहे के पोल व तार चोरी करने वाले 3 शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। विद्युत पोल व तार चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को चुराये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार विनित कुमार अवर अभियन्ता के.वी. उपसंस्थान भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि बीते रोज ग्राम खेलपुर से रूहालकी जाने वाले मार्ग पर एक लोहे का विधुत पोल अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया है तथा ग्राम रूहालकी में सुरेन्द्र धीमान के टयूबैल की विद्युत लाईन लगभग 240 मीटर व दो लोहे के खम्बे भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गये है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरी के खुलासे में लगी पुलिस टीम को सीसी कैमरे व अपने सूत्रों से जानकारी मिली कि उक्त चोरी में शामिल चोर ग्राम रूहालिका में देखे गये है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर अरविन्द उर्फ झौंका पुत्र नाथीराम, सुनील कुमार पुत्र कुंवरपाल सिंह व नितीन कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम रुहालकी दयालपुर को मय 2 अदद लोहे के पोल के टुकडे के साथ प्राथमिक विद्यालय के पास बनी पानी की टंकी के गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।



## एक नजर

## सोनिया गांधी से ईडी दफ्तर में हुई पूछताछ, सड़क पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हल्लाबोल

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष श्जेड प्लसश सुरक्षा घेरे के बीच दोपहर के समय संघीय जांच एजेंसी के मुख्यालय पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे राहुल गांधी व बेटी प्रियंका गांधी भी उनके साथ थीं। सोनिया गांधी की सेहत के मद्देनजर ईडी दफ्तर में डॉक्टरों को बुलाया गया था। वहीं ज्यादा पूछताछ के दौरान आराम के लिए कांग्रेस अध्यक्ष के लिए एक अलग से कमरे की व्यवस्था की गई है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ एजेंसी की कार्रवाई की आलोचना की है और इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका सड़कों पर जमकर विरोध किया। विरोधा प्रदर्शन के दौरान कई नेताओं को हिरासत में भी लिया गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य तख्तियां लेकर आए थे जिन पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की तस्वीर के साथ सत्यमेव जयते लिखा था।

## पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान फायरिंग में मारा गया गाय तस्कर

नई दिल्ली। असम पुलिस ने बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन से कथित रूप से जुड़े गाय तस्कर को हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। असम के कोकराझार जिले के बशबारी गांव और रूपसी के बीच पुलिस फायरिंग में आरोपी आदम अली मारा गया। एसपी गौरव अभिजीत दिलीप ने कहा कि पुलिस की एक टीम अली को पकड़ने के लिए असम-पश्चिम बंगाल सीमा के पास सगोलिया गई थी। पुलिस को देखकर वह भाग गया और पश्चिम बंगाल में सीमा पार कर गया। पुलिस ने उसे कूचबिहार के पास से पकड़ लिया। इस दौरान अली ने भागने की कोशिश की और पुलिस ने उस पर गोलियां चलाईं। अली को फिर अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसपी ने कहा कि अली को पहले पांच अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जिनमें मवेशियों की तस्करी और हथियारों की तस्करी शामिल है।

## कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिप-लॉक का वीडियो वायरल, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। कर्नाटक के एक प्रतिष्ठित कॉलेज के छात्रों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छात्र-छात्राएं लिप-लॉक करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान कई दूसरे लोग भी वहां मौजूद हैं। इसे लेकर विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने एक छात्र को गिरफ्तार किया है। वीडियो में कॉलेज का एक छात्र और छात्रा लिप-लॉक करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं अन्य लोग उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि छात्रों ने लिप-लॉक कॉम्पिटीशन का आयोजन किया था। यह सभी छात्र एक प्रतिष्ठित कॉलेज के थे। वीडियो के वायरल होने के बाद विवाद काफी बढ़ गया है। मंगलुरु पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लिप-लॉक वीडियो में शामिल लड़के को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि वीडियो को वहां मौजूद छात्रों में से एक ने रिकॉर्ड कर इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या छात्रों ने ड्रग्स का सेवन किया था।

## नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले बजरंग दल नेता पर हमला करने वालों पर लगेगा एनएसए

भोपाल। मध्य प्रदेश के आगर मालवा में नूपुर शर्मा के समर्थन में बयान देने वाले बजरंग दले के नेता आयुष माली के साथ हुई मारपीट का मामला भोपाल तक पहुंच गया है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि मारपीट करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इनमें से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि बाकी 5 की गिरफ्तारी कल तक कर ली जाएगी।

गृहमंत्री के मुताबिक मध्य प्रदेश शांति का टापू है और यहां की शांति किसी को भंग नहीं करने दी जाएगी। इतना ही नहीं गृहमंत्री ने मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा आरोपियों के खिलाफ 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन सबके खिलाफ एनएसए और जिला बदर की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ अब बुलडोजर चलाने की भी तैयारी है। जिन 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। नरोत्तम मिश्रा ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा प्रशासन को इस बारे में निर्देश दे दिए गए हैं। जो भी आरोपी हैं उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में दो कांवड़ियों की मौत, तीन घायल

नगर संवाददाता

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में देर रात दो स्कूटी आपस में टकराने से जहां दो कांवड़ियों की मौत हो गयी वहीं तीन कांवड़िये घायल हो गये है। जिनमें से एक की हालत गम्भीर देखते हुए उसे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना कनखल पुलिस को सूचना मिली हाईवे पर दो स्कूटी आपस में टकरा गयी है जिसके चलते दो लोगों की मौके पर पर ही मौत हो गयी है जबकि तीन घायल हुए है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनो शवो को कब्जे में लिया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक घायल की हालत गम्भीर देखते हुए उसे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है।

मृतक कावड़ियों की पहचान राहुल पुत्र सुरेश, कपिल विहार पेपर मिल रोड सहारनपुर और दूसरा श्याम ठाकुर निवासी मेरठ रोड सिहानी गेट गाजियाबाद के रूप में हुई है।

रात को ही पोस्टमार्टम करके दोनों कांवड़ियों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं जबकि घायलों का उपचार किया जा रहा है।




स्कूल टाईम (1 बजे) बलवीर रोड पर ट्रक की शहर में एंट्री। ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न।

# ईडी दफ्तर पर कांग्रेस का हल्ला बोल



विशेष संवाददाता

देहरादून। सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के विरोध में आज कांग्रेसी नेताओं ने देशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया। देहरादून में भी कांग्रेसी नेताओं ने ईडी दफ्तर पर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं की पुलिस के साथ भी तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया है।

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी को भी ईडी दफ्तर बुलाए जाने के विरोध में संसद से लेकर सड़कों तक देशभर में कांग्रेसियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। शहर-शहर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिए जाने की खबरें हैं। राजधानी देहरादून में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा और नेता विपक्ष यशपाल आर्य सहित तमाम कांग्रेसी नेताओं ने ईडी दफ्तर पर प्रदर्शन किया और भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस अवसर पर करण माहरा ने कहा है कि जिस केस में ईडी द्वारा पहले क्लीनचिट दी जा चुकी है उस मामले में भाजपा ने अपने एक बदनाम नेता से फिर केस दर्ज कराकर गांधी परिवार को परेशान करने का षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी भाजपा के इस तरह किए जाने वाले उत्पीड़न से डरने वाली नहीं है। उधर यशपाल आर्य का कहना है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या पर आमादा है सरकारी जांच एजेंसियों

**❑पुलिस के साथ नोकझोंक, व खींचातानी**
**❑दर्जनों कांग्रेसी नेताओं को लिया हिरासत में**

का दुरुपयोग किया जा रहा है सरकार देश और जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस मुद्दे को फिर लेकर आई है। भाजपा विपक्ष को डरा कर चुप कर देना चाहती है। उन्होंने कहा कि ईडी ने राहुल गांधी से 5 दिन 54 घंटे तक पूछताछ की और सोनिया गांधी को पूछताछ के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जिसे लेकर कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है।

देहरादून में मौजूद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि यह भाजपा की एक शर्मनाक करतूत है कि वह एक वृद्ध और बीमार महिला को पूछताछ के नाम पर परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने देश और समाज के लिए सबसे बड़े बलिदान दिए उस परिवार के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना अत्यंत ही निंदनीय है। उन्होंने भाजपा पर सरकारी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कभी न कभी भाजपा को अपनी इस गलती का एहसास जरूर होगा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं के साथ पुलिस की तीखी नोकझोंक व खींचातानी भी हुई पुलिस ने प्रदर्शनकारी नेताओं को हिरासत में भी लिया गया। हिरासत के लिए जाने वाले नेताओं में करण माहरा, यशपाल आर्य, प्रदीप टम्टा व लालचंद शर्मा और सूर्यकांत धस्माना सहित दर्जनों नेता शामिल हैं जिन्हें बस में भरकर पुलिस अपने साथ ले गई। प्रदर्शन में दर्जनो कांग्रेसी महिलाएं भी शामिल रही।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*